ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
कार्यवाहक कुलसचिव
**Kadar Nawaz Khan**
Acting Registrar

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

पत्रांक:- 016/आयोजित कार्यक्रम/2025-26/118/793
दिनांक:- 16.09.2026

## सूचना

विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि साहित्य विद्यापीठ द्वारा कालजयी आलोचक **आचार्य रामचंद्र शुक्ल** की जयंती के उपलक्ष्य में संचालित **'रामचंद्र शुक्ल व्याख्यान माला'** के अंतर्गत **'साहित्य के स्वरूप की स्वतंत्र सत्ता और रामचंद्र शुक्ल'** विषय पर दिनांक **05 अक्टूबर, 2026 (सोमवार)** को प्रातः **11:30 बजे** से प्रत्यक्ष (ऑफलाइन) विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान के लिए **प्रो. सदानंद प्रसाद गुप्त**, प्रोफेसर, हिंदी विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर होंगे। कार्यक्रम के संयोजक का दायित्व **प्रो. अवधेश कुमार**, अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ को सौंपा जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता **माननीय कुलपति** द्वारा की जाएगी। विशेष व्याख्यान का संचालन **डॉ. रूपेश कुमार सिंह**, सहायक प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य **डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी**, एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग द्वारा, प्रास्ताविक वक्तव्य **प्रो. प्रीति सागर**, अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ द्वारा तथा आभार ज्ञापन **डॉ. सुनील कुमार**, सहायक प्रोफेसर, हिंदी साहित्य विभाग द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निम्नानुसार दायित्व सौंपे जाते हैं—

- **तकनीकी सहयोग** — लीला प्रभारी **डॉ. अंजनी राय** अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि
- **फोटोग्राफी एवं रिकॉर्डिंग — मिथिलेश कुमार राय** एवं **हेमंत दुबे**
- **बैनर निर्माण — राजेश आगरकर**, प्रकाशन विभाग
- **जलपान आदि की व्यवस्था — राजीव पाठक**, सहायक
- **मंच व्यवस्था, दीप – प्रज्ज्वलन पुष्पमाला आदि** — सुश्री **संगीता मालवीय**, सहायक, परिसर विकास

कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

क़ादर नवाज़
**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**
17/9/26

**प्रति (ईमेल द्वारा) :-** समस्त शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक अधिकारी, कर्मचारी।

**प्रतिलिपि (ईमेल द्वारा):-**

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/केंद्र निदेशक
3. प्रभारी लीला (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
4. रक्षित पत्रावली